हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026



04 निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत...



07 कचरा कलेक्शन में लापरवाही करने पर...






## खबर संक्षेप

### मार्च में सभी अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 7 मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं 1 मार्च, 8 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 3 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात-उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमीं तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### भैरुंदा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री कृषि शिवराज सिंह चौहान

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान बोले: विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी 8 विधानसभाओं को मिलेंगे हाईटेक चलित अस्पताल

शिवराज सिंह चौहान ने जनता और कार्यकर्ताओं से पूछा क्या आप तैयार हैं कि इस बार की पूरी सांसद निधि इन चलित अस्पतालों के लिए दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के लिए भैरुंदा से एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर भैरूंदा पहुंचे श्री चौहान ने कहा कि इस बार की सांसद निधि का पूरा उपयोग जनता के स्वास्थ्य की सेवा में किया जाएगा। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में आधुनिक संसाधनों से लैस चलित अस्पताल 'हाइटेक एंबुलेंस' देने का निर्णय लिया है।

बता दें भैरूंदा के सर्वंगलम पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ये चलित अस्पताल सप्ताह के अलग-अलग दिनों में विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। एंबुलेंस में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, आधुनिक जांच मशीनें और उपकरण मौजूद रहेंगे। मरीजों का मौके पर ही चेकअप होगा, इलाज किया जाएगा और निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी।

यदि किसी मरीज को गंभीर बीमारी पाई जाती है तो उसे आगे के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था भी इसी माध्यम से होगी। शिवराज सिंह चौहान ने जनता और कार्यकर्ताओं से पूछा क्या आप तैयार हैं कि इस बार की पूरी सांसद निधि इन चलित अस्पतालों के लिए दी जाए, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने हाथ उठाकर अपनी सहमति दी।



### कार्यकर्ताओं को दिया सेवा का मंत्र


भाजपा द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री ने संगठन की विचारधारा, सेवा भाव और अनुशासन पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में विधायक रामकांत भार्गव ने प्रशिक्षण को वैचारिक विकास का माध्यम बताया वहीं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने जानकारी दी कि आगामी 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लखन यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भैरूंदा, गोपालपुरए लाडकुई और चकल्दी मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित मीणा ने किया और आभार प्रदर्शन भैरूंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया।

# जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण तेजाजी महाराज : शिवराज

### वचन निभाने की प्रेरणा देता है तेजाजी महाराज का जीवन

**भैरूंदा।** बाबा भैरव की नगरी भैरूंदा में शनिवार की सुबह आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के मुख्य इंदौर मार्ग निम्नागांव जोड़ स्थित डिवाइडर पर राजस्थान से मंगाई गई सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के करकमलों से संपन्न हुआ। जैसे ही प्रतिमा से आवरण हटाया गया, पूरा परिसर "वीर तेजाजी महाराज की जय" के जयघोष से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों की थाप, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भैरूंदा की पावन भूमि पर सत्य और वचनबद्धता के प्रतीक वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि सत्य की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज की कीर्ति, साहस और धर्मनिष्ठा आज भी समाज को सही मार्ग दिखाती है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण है, जो मानवता को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने वीर तेजाजी महाराज की नागराज से निभाई गई वचनबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रसंग केवल लोकगाथा नहीं, बल्कि सत्य के लिए प्राणों की आहुति देने की अद्वितीय मिसाल है। "जिसने वचन दिया, उसे निभाने के लिए प्राणों की भी परवाह न की—ऐसा तेज, ऐसा तेजस्वी व्यक्तित्व इतिहास में विरले ही देखने को मिलता है," उन्होंने कहा। केंद्रीय मंत्री ने भावविभोर होकर तेजाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम अर्पित किए।



शिवराज सिंह चौहान ने जाट समाज की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि वीर तेजाजी महाराज ने जो सत्य, साहस और धर्म की ध्वजा समाज को सौंपी है, उसे जाट समाज पूरी निष्ठा से अक्षुण्ण बनाए हुए है। खेती की मेड़ हो या देश की सरहद, जाट समाज सदैव अडिग और अविचल खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि देश के अन्न भंडार भरने से लेकर सीमाओं की सुरक्षा तक, जाट समाज ने हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर राष्ट्रसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। "मैं संपूर्ण जाट समाज को नमन करता हूँ।

कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, तेजाजी महापंचायत बोर्ड के अध्यक्ष पप्पू गोरा, नर्मदा क्षेत्रीय जाट समाज के अध्यक्ष गणेश थारोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्धजन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच से वक्ताओं ने वीर तेजाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी गाथा लोकजीवन में सत्य और साहस की अमिट छाप छोड़ती है। नगर के निम्नागांव जोड़ पर स्थापित यह प्रतिमा अब भैरूंदा की नई पहचान बनेगी। जाट समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा यह चौराहा अब "तेजाजी धाम" के नाम से जाना जाएगा। इससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को सामूहिक संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में ऐसा एक कार्य अवश्य करे, जिससे उसका जीवन राष्ट्र और समाज के लिए सार्थक बन सके। जयघोष, पुष्पांजलि और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## भाजपा की जिला कोर कमेटी में स्थान नहीं बना पाएंगे भाजपा के तीनों महामंत्री

### दो पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव और रवि मालवीय रहेंगे शामिल

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय द्वारा जिला कोर ग्रुप के गठन को लेकर जारी नई गाइडलाइन ने जिले की सियासत में हलचल तेज कर दी है। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार जिले की कोर कमेटी का स्वरूप काफी बदला हुआ नजर आएगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वर्तमान कार्यकारिणी के महामंत्रियों के लिए इस महत्वपूर्ण कमेटी में स्थान नहीं मिलेगा।

प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुसार जिला कोर ग्रुप में केवल विशिष्ट पदों पर आसीन व्यक्तियों को ही शामिल किया जा सकता है।

इसमें प्रभारी मंत्री, सांसद (लोकसभा व राज्यसभा), राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, स्थानीय मंत्री, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, संभाग व जिला प्रभारी, निर्वतमान जिलाध्यक्ष और अन्य जिलों के प्रभारी बने स्थानीय नेताओं को ही वरीयता दी जाएगी।





**महामंत्रियों का कटेगा पत्ता, पूर्व जिलाध्यक्षों की एंट्री :** बता दें वर्तमान जिला कार्यकारिणी के तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता सीहोर, जितेंद्र गौड़ बुदनी और तारा कटारिया आष्टा के लिए कोर कमेटी के दरवाजे बंद हैं। पिछली कार्यकारिणी में राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल और रवि नागले जैसे महामंत्री कोर कमेटी के सदस्य थे, लेकिन इस बार समीकरण बदल गए हैं।

**दो पूर्व जिलाध्यक्ष रहेंगे शामिल :** इस बार की कोर कमेटी में दो पूर्व जिलाध्यक्षों का दबदबा कायम रहेगा। सीताराम यादव को विदिशा जिले का प्रभारी होने के नाते कोर कमेटी में जगह मिलना तय है, जबकि रवि मालवीय भी निवर्तमान जिलाध्यक्ष के नाते इस शक्तिशाली ग्रुप का हिस्सा बने रहेंगे।

### इन दिग्गजों के इर्द-गिर्द घूमेगी जिले की राजनीति

सीहोर जिले की चार विधानसभा सीटों सीहोर, इछावर, बुदनी और आष्टा की राजनीति अब इसी कोर ग्रुप के निर्णयों पर टिकी होगी। वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में बनने वाली इस कमेटी में जिले के चारों विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, करण सिंह वर्मा और गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल रहेंगे, जबकि तीन संसदीय सीटों में समाहित है, ऐसे में शिवराज सिंह चौहान, आलोक शर्मा और महेंद्र सिंह सोलंकी भी इस टीम का हिस्सा रहेंगे।

### कोर कमेटी क्यों है खास

बता दें जिला कोर कमेटी भाजपा का वह शीर्ष निकाय है जो जिले के भीतर सांगठनिक नियुक्तियों, टिकट वितरण की रायशुमारी और महत्वपूर्ण राजनीतिक रणनीति तैयार करने का काम करता है। महामंत्रियों के बाहर होने से अब यह देखना दिलचस्प होगा कि संगठन के भीतर शक्ति संतुलन किस तरह बैठता है और कार्यकर्ताओं की आवाज प्रदेश तक पहुंचाने का नया जरिया क्या होगा।

### 4 बीज केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कंपनियों पर भी रोक

**सीहोर।** अमानक बीज बेचने के आरोप में कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उप संचालक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने जिले के चार बीज विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। निलंबित किए गए केंद्रों में सीहोर स्थित गल्ला मंडी का मेवाड़ा कृषि सेवा केंद्र, जमोनिया रोड स्थित हरिओम ट्रेडर्स, भैरूंदा विकासखंड का मेसर्स स्वाति ट्रेडर्स और इंदौर-भोपाल रोड स्थित मेसर्स रिजनेबल एग्रो एजेंसी शामिल हैं। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि इन बीज विक्रेताओं के यहां से गेहूं बीज के नमूने लिए गए थे। इन नमूनों को राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया, जहां परीक्षण के बाद बीजों की अंकुरण क्षमता निर्धारित मानक से काफी कम पाई गई। अमानक बीज बनाने वाली कंपनियों पर भी कार्रवाई की गई है। इन कंपनियों के उत्पादों को जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें उज्जैन की मेसर्स कुबेर सीड्स एंड बायोटेक, देवास की मेसर्स हरियाली एग्रो सीड्स एंड फर्टिलाइजर्स प्रा. लि. और मुंबई की मेसर्स महिको प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। संबंधित विक्रय स्थलों के शेष स्टॉक की जानकारी प्राप्त करने और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे बीज खरीदते समय केवल प्रमाणित और मानक बीज ही अधिकृत विक्रेताओं से खरीदें।

## सिद्धपुर की पावन धरा पर हो रहा है भाव केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण



**सीहोर।** भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है सिद्धपुर सीहोर क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और आस्था का भव्य केंद्र, बनने जा रहा है, वर्तमान समय में सीहोर शहर एक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो रहा है जिसमें भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह निर्माण कार्य श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक सशक्त धार्मिक धरोहर बन सके। महादेव मंदिर का निर्माण तेजी से कथाव्यास पं. मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में क्षेत्रवासियों के द्वारा किया जा रहा है।

शिव मंदिर के कमेटी के कोषाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी व संयोजक शंकर लाल ने बताया कि मंदिर का निर्माण विगत दो वर्षों से चल रहा है जिस प्रकार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में हिमालय की पावन भूमि पर भगवान केदारेश्वर महादेव स्थापित इस प्रकार सीहोर के श्रीराम गौशाला गोतीर्थ क्षेत्र श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम की पावन भूमि में हिमालय क्षेत्र बनने जा रहा है वहीं बाबा केदारेश्वर महादेव विराजमान होंगे मंदिर निर्माण हेतु समाज के सभी वर्गों से सहयोग प्राप्त हो रहा है वर्तमान समय में मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य प्रगति पर है आश्रम परिवार ने शिखर निर्माण में सभी से सहयोग करने का आग्रह किया है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार परंपरा और एकता का प्रतीक है। हर एक व्यक्ति का योगदान इस कार्य को और भी भव्य और सफल बना सकता है।

### आर्यावर्त यूनिवर्सिटी की शिकायत, स्कूल की बिल्डिंग दिखाकर ली मान्यता

# कलेक्टर ने गठित की 13 सदस्यीय टीम, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य के नेतृत्व में जांच टीम करेगी पड़ताल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की श्यामपुर स्थित आर्यावर्त यूनिवर्सिटी अपनी मान्यता को लेकर कानूनी और प्रशासनिक घेरे में आ गई है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी ने अपनी बिल्डिंग के बजाय रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के बुनियादी ढांचे को दिखाकर उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता हासिल कर ली। एबीवीपी नेता भगवान सिंह की इस गंभीर शिकायत पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है और 13 सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम गठित कर दी है।

शिकायतकर्ता का दावा है कि यूनिवर्सिटी की मान्यता के लिए किए गए पिछले निरीक्षणों में भारी फर्जीवाड़ा हुआ है। बिल्डिंग ही नहीं, बल्कि स्टाफ की नियुक्तियों और यूनिवर्सिटी के दस्तावेजों में भी बड़ी विसंगतियां पाई गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पूरे प्रकरण में जालसाजी की एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जा रही है।

### जांच टीम में ये लोग शामिल

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा के नेतृत्व में जांच टीम में डॉ. शीलचंद्र गुप्ता (प्रशासकीय अधिकारी प्रशासन, प्राध्यापक-अर्थशास्त्र), डॉ. सुमन रोहिला (डीन पुस्तकालय प्रकोष्ठ/विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र), डॉ. आमिर ऐजाज (परीक्षा नियंत्रक., आरटीआई प्रभारी, प्राध्यापक भूगोल), डॉ. सुशीला पटेल (छात्रवृत्रि प्रभारी, विभागाध्यक्ष हिंदी), प्रो. विनयमणि त्रिपाठी (संयोजक आईक्यूएसी/विभागाध्यक्ष वाणिज्य), प्रो. राजकुमार साहू (प्राचार्य शासकीय विधि महा. सीहोर), प्रो. कैलाश ठाकरे (प्रभारी एनटीएफ/विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र), तहसील श्यामपुर, अनिल पिपलोदिया (क्रीड़ाधिकारी), डॉ. मनोज कुमार शर्मा (विभागाध्यक्ष योग, डीन छात्र समग्र नवाचार), एलपी कीर (प्रभारी मुख्य लिपिक, लेखापाल), नरेश सेन (सहायक छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ), परवजे अंसारी (सहायक स्थापना प्रकोष्ठ) शामिल हैं।

### जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला, संचालक के अपने दावे

इस विवाद पर जब जिम्मेदारों से बात की गई तो विरोधाभास सामने आया। रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ब्रजेश पाटीदार ने इस मामले से खुद को अलग करते हुए कहा कि वे कुछ नहीं कह सकते सारा काम पुष्पेंद्र गौतम देखते हैं। वहीं यूनिवर्सिटी के संचालक पुष्पेंद्र गौतम का दावा है कि उन्होंने सभी नियमों का पालन किया है और यूनिवर्सिटी नियमानुसार चल रही है।

**मान्यता पर लटकी तलवार :** जांच टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे वस्तुस्थिति के आधार पर पारदर्शी रिपोर्ट पेश करें। यदि स्कूल की बिल्डिंग को यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग दिखाने का आरोप सच पाया जाता है तो विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द की जा सकती है और प्रबंधन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हो सकता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

आर्यावर्त यूनिवर्सिटी श्यामपुर संचालक पुष्पेंद्र गौतम ने बताया कि यूनिवर्सिटी नियमों के तहत चल रही हैए हमने सभी गाइडलाइंस का पालन किया है।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने कहा कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गई है। हम हर पहलू की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट सौंपेंगे।

रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल डायरेक्टर ब्रजेश पाटीदार ने कहा कि यूनिवर्सिटी का काम पुष्पेंद्र जी देखते हैंए मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता।

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ रवाना

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन प्रचार रथों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में बैठक भी आयोजित की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में छूट के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार न्यायालय में लंबित विद्युत अधिनियम के योग्य प्रकरणों में सिविल दायित्व में 20 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भी सिविल दायित्व में 30 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट रहेगी। यह छूट केवल नेशनल लोक अदालत में समझौता करने पर ही मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया

**सीहोर।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर वार्ड नं 7 में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सबसे पहले उपस्थितजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया और उसके बाद 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद वाकई अपने नाम के अनुरूप ही आखिरी दम तक आजाद ही रहे, वे आजाद की तरह ही जिए और अपने अंतिम समय में भी आजाद की तरह ही अग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया पौधरोपण



**भैरूंदा।** पर्यावरण संरक्षण के अपने सतत अभियान के तहत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को सीहोर जिले के इछावर व छीपानेर में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ पौधरोपण किया। वे क्षेत्र में आयोजित वीर तेजाजी महाराज प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

इस अवसर पर चौहान ने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी मां के समान है। प्रतिदिन पौधरोपण और उसका संरक्षण "मां समान प्रकृति" की सेवा का महा संकल्प है। प्रकृति हमें अन्न, जल और शुद्ध वायु प्रदान करती है, इसलिए उसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखरेख का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि और पर्यावरण का गहरा संबंध है। जल संरक्षण, जलवायु संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मंत्री चौहान ने सभी से हरित अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व कृषिमंत्री कमल पटेल, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीड़ित परिजनों ने अस्पताल परिसर में किया जमकर हंगामा, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

मौत की सूचना मिलते ही परिजन भड़क उठे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, उचित जांच न करने और समय पर सही उपचार न देने का आरोप लगाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



रेहटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोरघाटी गांव के निवासी मनीराम की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हुई, जबकि शव को सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


जानकारी के अनुसार, मनीराम की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें सबसे पहले सरकारी अस्पताल ले जाया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें रेहटी स्थित विजयासन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में शुरुआत में डॉक्टरों या स्टाफ ने मरीज की समस्या को गैस से संबंधित बताकर उन्हें भर्ती किया। हालांकि, इलाज के दौरान अचानक उनकी स्थिति और बिगड़ गई और देर रात उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को सूचित किया कि मरीज को हार्ट अटैक आया था, जिसके कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका।

#### परिजनों का आक्रोश और हंगामा

मौत की सूचना मिलते ही परिजन भड़क उठे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, उचित जांच न करने और समय पर सही उपचार न देने का आरोप लगाया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और जिम्मेदार डॉक्टरों व प्रबंधन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। स्थिति काफी बिगड़ने लगी थी, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

#### क्या कहते हैं परिजन?

परिजनों का दावा है कि यदि अस्पताल में शुरुआत से ही उचित जांच और इलाज होता तो शायद मनीराम की जान बचाई जा सकती थी। वे सरकारी अस्पताल से रेफर होने के बाद निजी अस्पताल में भी लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। यह घटना एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और निजी अस्पतालों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर रही है।




#### पुलिस और प्रशासन ने मौके पर की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे और प्रभारी तहसीलदार युग विजय सिंह यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को समझाइश दी और उन्हें शांत कराया। हंगामे के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी।

## सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 70 से अधिक मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**भैरूंदा।** नगर में सेवा भारती संस्था द्वारा एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य रोगों की जांच, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। वार्ड क्रमांक 3 भैरू बाबा मंदिर में 11:00 बजे से 2:00 बजे तक यह शिविर आयोजित किया गया शिविर में शासकीय सिविल अस्पताल एवं भारतीय अस्पताल के प्रमुख चिकित्सकों का पूर्ण सहयोग रहा जिन्होंने शिविर में आए मरीज का परीक्षण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि



समाज के जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। शिविर के सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी चिकित्सकों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक रामानंद महेश्वरी, जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, सिद्धपुर सेवा भारती सीहोर, जिला संयोजक विजेंद्र शर्मा, सेवा भारती नगर अध्यक्ष राधिका जैमिनी, नगर उपाध्यक्ष राकेश वर्मा सचिव, संतोष खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, डॉक्टर मनीष सारस्वत बीएमओ स्वास्थ्य विभाग, डॉ. राहुल जाट चिकित्सा अधिकारी, डॉ.अरुण वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा प्रजापति के एच ओ हेमवती धुर्वे महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता डॉ.दीपक वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ ,डॉ. मुबीना शेख स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ. सलाउद्दीन अहमद अस्ति रोग विशेषज्ञ, सम्माननीय मेघराज, मोहित दुबे, अंशिका राजपूत, अभिषेक विश्वकर्मा, ईश्वर बगाना, निकिता शर्मा, शबनम दगोनिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मारुति शिशिर नगर पालिका अध्यक्ष, रितु महेंद्र परिहार, नीता मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, बसंत अग्रवाल, मोहित अग्रवाल गोल्डी, भगवान खैरनार दिलीप जैमिनी, जितेंद्र दुबे एवं मां नर्मदा पुण्य प्रदा से प्रदा सेवा समिति के भाई बंधु एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### संकल्प वृद्धाश्रम में किया गया दूसरे दिन सुंदरकांड का आयोजन



**सीहोर।** इस साल भी श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के द्वारा शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में महादेव की होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लगातार सात दिनों तक आश्रम और केन्द्र के द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं पांच मार्च को महादेव की होली में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्लपहार की व्यवस्था की जाएगी। आश्रम में दोपहर में समिति की ओर से सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें मानस मंडल ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिपाठी और पंडित सुनील पाराशर ने यहां पर निवासरत लोगों को होली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आगामी पांच मार्च को महादेव होली महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत और सम्मान करने पर चर्चा की। इस मौके पर आश्रम के संचालक राहुल सिंह आदि शामिल थे। महादेव की होली को भव्य और दिव्य मनाए जाने के लिए क्षेत्रवासी पूरी आस्था और उत्साह के साथ प्रशासन के सहयोग से हर साल की तरह इस साल भी होली का आयोजन करेंगे। महादेव होली को विशेष बनाने के लिए देशभर से अघोरी संतों को आमंत्रित किया गया है। उनके साथ साधु-संतों की झांकियां और आध्यात्मिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। साथ ही, भीलों की मंडली और झाबुआ क्षेत्र के आदिवासी कलाकार पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। ढोल की थाप पर जब आदिवासी नर्तक थिरकेंगे तो पूरा वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठेगा।

## फाल्गुन एकादशी पर निशान यात्रा में झूमे श्याम भक्त, गोकुलधाम में सजी भजनों की अमृत वर्षा

**भैरुंदा।** फाल्गुन एकादशी का पर्व नगर मे उल्लास के साथ मनाया गया। फाल्गुन ग्यारस के अवसर पर पूरा नगर हारे के सहारे के जयकारों से गुंजायमान रहा। सुबह से ही नगर की हवा में भक्ति का ऐसा रंग घुला कि चप्पे-चप्पे पर केवल श्याम नाम की गूंज सुनाई दे रही थी। इस विशेष अवसर पर नगर के विभिन्न छोरों से भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं, जिनमें श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी हाथों में रंग-बिरंगे निशान (ध्वज) लेकर, नंगे पांव बाबा के दरबार की ओर बढ़ते नजर आए। निशान यात्राओं का सिलसिला सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। गांधी चौक से गोकुलधाम, मलाजपुर से गोकुलधाम और बोरखेड़ी से गोकुलधाम तक निकली इन यात्राओं में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-धमाकों और डीजे की धुन पर थिरकते भक्त श्याम प्यारे की जय और लीले घोड़े वाले की जय के नारे लगा रहे थे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर इन निशान यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में इस यात्रा को लेकर



भारी उत्साह देखा गया। गोकुलधाम स्थित बाबा श्याम के मंदिर तक पहुँचते-पहुँचते यह कारवां एक विशाल जनसमूह में तब्दील हो गया। जहाँ भक्तों ने अपने निशान बाबा के चरणों में अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

गोकुलधाम स्थित बाबा श्याम के मंदिर को इस महापर्व के लिए किसी राजमहल की तरह सजाया गया था। मंदिर समिति और श्रद्धालुओं ने मिलकर पूरे परिसर को आकर्षक फूलों, रंगोली और सुंदर बंधनवारों से सुसज्जित किया था। बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर खींच रहा था। शाम ढलते ही यहाँ भव्य फाग महोत्सव और श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। जिसके बाद सुप्रसिद्ध भजन गायक सुजीत यदुवंशी, भजन गायिका मुक्तामणिका एवं अंतिमा तिवारी ने अपनी मधुर आवाज से भजनों की ऐसी अमृत वर्षा की कि पूरा पांडल भक्ति के सागर में गोते लगाने लगा। देर रात तक चले इस संकीर्तन में गायक कलाकारों ने सजा दो घर को गुलशन सा, सांवली सूरत पे मोहन और होली खेलें बाबा श्याम जैसे भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। मधुर भजनों की तानों पर भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे। फाग महोत्सव के दौरान जब गुलाल और फूलों की होली खेली गई तो दृश्य अत्यंत मनोरम हो गया। पूरे परिसर में उड़ते अबीर-गुलाल ने उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को फाल्गुन एकादशी की बधाई दी और बाबा के प्रसाद का आनंद लिया।

समस्त आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### तरंगिनी मेलाः आंगनबाड़ी की शालाशिक्षा दिखाई

**सीहोर।** ग्राम अबीदाबाद में महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना इछावर के तहत सेक्टर अबीदाबाद ने सीखने–सिखाने का उत्सव तरंगिनी मेला आयोजित किया। आयोजन ग्राम पंचायत में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शाला पूर्व शिक्षा पर आधारित गतिविधियां समुदाय के साथ साझा करना रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 3 से 6 साल के बच्चों के सर्वांगीण विकास में शाला पूर्व शिक्षा की अहम भूमिका है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा बुनियादी स्तर 2022 के अनुसार संज्ञानात्मक विकास, भाषाई कौशल, सौंदर्य, सांस्कृतिक विकास से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इन्हें लोगों के साथ साझा किया गया। आयोजन में शैक्षिक और तकनीकी सहयोग अजीम प्रेमजी फाउंडेशन इछावर ने दिया।

### चले गए बॉन्ड वाले डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

# आधुनिक मशीनें पर डॉक्टर नदारद बीएमओ खुद ही संभाल रहे ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

वीवीआईपी कहे जाने वाले विधानसभा क्षेत्र बुदनी में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के हालात बदतर है। तहसील मुख्यालय पर स्थित करोड़ों की लागत से बना भव्य सिविल अस्पताल इन दिनों 'सफेद हाथी' साबित हो रहा है। अस्पताल में आधुनिक मशीनरी और दर्जनों वाहन तो मौजूद हैं, लेकिन सबसे अहम किरदार यानी डॉक्टर ही गायब हैं। यह चौंकाने वाली हकीकत खुद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. डी. बड़ोदिया ने स्वीकार की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बॉन्ड वाले डॉक्टर अस्पताल छोडक़र चले गए हैं और फिलहाल वे खुद ही मरीजों का इलाज करने को मजबूर हैं।

बता दें अस्पताल में अव्यवस्थाओं का चरम नजारा पर है। शुक्रवार की शाम 5.30 बजे तक ओपीडी में मरीज पर्ची कटवाकर डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा। स्थिति यह रही कि पूरी रात अस्पताल बिना किसी डॉक्टर के ही चलता रहा। रात 9 बजे जब अस्पताल का जायजा लिया गया तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने दो टूक कहा ड्यूटी पर कोई डॉक्टर नहीं है, बीएमओ साहब से बात कीजिए।




#### इलाज मिला न राहत, खाली हाथ लौटे मरीज

ओपीडी परिसर में दूर-दराज के गांवों से आए बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार बच्चे घंटों दर्द से कराहते रहे। जब कोई डॉक्टर नहीं आया तो कई मरीज बिना इलाज कराए ही वापस लौट गए। बिगड़ते हालात देख अंततः बीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया को स्वयं अस्पताल पहुंचकर ओपीडी संभालनी पड़ी। उन्होंने मरीजों को देखा, लेकिन साथ ही अपनी लाचारी भी जता दी कि रात के समय नियमित रूप से उनका अस्पताल आना संभव नहीं है।

#### जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों का आरोप है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। चिकित्सकों की लेटलतीफी और अनुपस्थिति यहां की रोज की कहानी बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि सीएमएचओ और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस बदहाली पर आंखें मूंदे बैठे हैं। यदि समय-समय पर निरीक्षण और जवाबदेही तय की जाती तो करोड़ों की लागत से बने इस अस्पताल की यह दुर्दशा नहीं होती।

#### डॉक्टर चले गए, मैं कब तक संभालूं?

इस पूरे मामले में बीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया ने बताया कि बॉन्ड के तहत नियुक्त डॉक्टर अस्पताल छोडक़र चले गए हैं। मैंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को लिखित में सूचित कर दिया है। फिलहाल मैं स्वयं ओपीडी संभाल रहा हूं, लेकिन रात के समय बार-बार अस्पताल आना मेरे लिए संभव नहीं होगा। वर्तमान में अस्पताल में कोई नियमित डॉक्टर मौजूद नहीं है।

**मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल नाका सीहोर (म.प्र.) दूरभाष 07562-224247

**कब्जा नोटिस (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणपारी को व्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है।

अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपठित उक्त (8) एवं (9) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा दिनांक 23.02.2026 को प्राप्त कर अधिग्रहण कर लिया गया है। ऋणग्रहिता को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को सावधान किया जाता है कि एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर मण्डी के अध्याधीन होगा।

**संपत्ति विवरणः-**

| ऋणी खाते का नाम / संपत्ति का मालिक एवं जमानतदार | आधिपत्य में ली गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र तिथि 02.12.2025 |
|---|---|---|
| **संपत्ति मालिक-**<br>1. श्री मदनलाल पिता श्री तुलाराम कुशवाह<br>निवासीगण : एमपीईबी ऑफिस, स्टेशन रोड, नेहरू कालोनी, सीहोर<br>01- मेसर्स अष्ट विनायक किराना एवं जनरल स्टोर्स<br>प्रो. श्री मदनलाल पिता श्री तुलाराम कुशवाह<br>02- श्री मदनलाल पिता श्री तुलाराम कुशवाह<br>03- श्रीमती प्रीति कुशवाह पति श्री मदनलाल कुशवाह (टॉप उप ऋण)<br>निवासीगण एमपीईबी ऑफिस, स्टेशन रोड़, नेहरू कालोनी, सीहोर | निम्नलिखित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति के रूप में बैंक का प्रभार सृजित किया है।<br>संपत्ति क्रमांकः 01 MP350372016A123666<br>श्री मदनलाल कुशवाह आ स्व. श्री तुलाराम कुशवाह के आधिपत्य एवं स्वामित्व हक हित व अधिकार हिस्से व कब्जे की कृषि भूमि भूखण्ड खसरा क्रमांक 168 / 2. रकबा 1.068 है0 लगानी 3.30 रूपया भूखण्ड में से मुझ विक्रेता का हिस्सा रकबा 0.534 हेक्टेयर यानि 1.31 एकड़ लगानी तहसील व जिला सीहोर को ही आवासीय प्रयोजन हेतु इस दस्तावेज विक्रय पत्र के द्वारा विक्रय 1.65 रूपया का भाग 0.005 हेक्टेयर यानि 600 वर्गफिट भूखण्ड स्थित ग्राम अंवतीपुरा पहन. 39 किया जा रहा है विक्रित भूखण्ड की पैमाईश इस प्रकार हैः-<br>पूर्व से पश्चिम 15 फिट, उत्तर से दक्षिण 40 फिट<br>विक्रीत भूखण्ड की चर्तुसीमाएं इस प्रकार हैः-<br>हक विलेख अनुसार<br>पूर्व में सुरेश विश्वकर्मा का भूखण्ड, पश्चिम में विक्रेता की भूमि, उत्तर में 20 फिट का रास्ता, दक्षिण में विक्रेता की भूमि | सुविधा का स्वरुप<br>स्वीकृत सीमा<br>देय बकाया राशि रु. नगद साख सीमा ऋण (किराना व्यवसाय) 10,00,000/-<br>10,09,513.22+ एवं 29.11.2025 से ब्याज + अन्य व्यय खाता संख्या:0354301100001<br>05 आवास ऋण खाता संख्याः 03547511000030<br>13,70,000/-<br>13,53,942.27+ एवं 28.11.2025 से ब्याज + अन्य व्यय |
| **जमानतदार**<br>01 श्री अशोक कुमार पिता श्री भागीरथ प्रसाद चौधरी (गारंटर) नगद साख सीमा ऋण (किराना व्यवसाय) निवासी वृन्दावन कॉलोनी लुनिया चौराहा, स्टेशन रोड़, सीहोर (म.प्र.)<br>02- श्री संजय कुमार कुन्वी पिता श्री सूर्यवली (गारंटर) टॉप अप ऋण एवं आवास ऋण निवासी शिवाराध्या कॉलोनी, स्टेशन रोड़, सीहोर (म.प्र.) | संपत्ति क्रमांकः 02 MP350372017A1233853<br>श्री मदनलाल कुशवाह आ. स्व. श्री तुलाराम कुशवाह के स्वामित्व, आधिपत्य हित व अधिकार का भवन, भवन क्रमांक 168, खसरा क्रमांक ( पुराना) 111 एवं वर्तमान खसरा क्रमांक 111 / 2 का भाग 500 वर्गफिट यानि 46.468 वर्गमीटर जिसमें भूतल पर 3 कमरे, किचन लेट बाथरूम आरसीसी से निर्मित है और प्रथम मंजिल पर 3 कमरे, किचन लेट बाथरूम आरसीसी से निर्मित है जो कि स्थित नेहरू कॉलोनी वार्ड नम्बर 19 छावनी सीहोर नगर पालिका परिषद क्षेत्र तहसील व जिला सीहोर म.प्र. को ही इस दस्तावेज के साथ विक्रय किया जा रहा है। भवन की पैमाईश इस प्रकार हैः-<br>पूर्व से पश्चिम 50 फिट, उत्तर से दक्षिण 10 फिट<br>हक विलेख अनुसार<br>पूर्व की ओर सरकारी रोड, पश्चिम की ओर कच्चा रास्ता, उत्तर की ओर चन्द्रशेखर जी का शेष मकान, दक्षिण की ओर भावनाथ सिंह वर्मा का मकान | टॉप अप ऋण<br>03546261000046<br>5,00,000/-<br>4,80,392,35+ एवं 29.11.2025 से ब्याज + अन्य व्यय<br>राशि रू. 28,43,847.84 + एवं 29.11.2025 से ब्याज + अन्य व्यय |

संवैधानिक चेतावनीः- ग्रहिता इसे 30 दिन का बिक्री पूर्व नोटिस समझे यदि 30 दिन के अंदर खाता बंद नहीं होता है तो संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

**स्थान सीहोर** **प्राधिकृत अधिकारी**

### एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए

# कचरा कलेक्शन में लापरवाही करने पर वाहन चालक बर्खास्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सुबह वार्ड क्रमांक 19, 20 और 22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड 19 के कचरा वाहन चालक को तत्काल सेवा से हटाने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 19 के बलवंत नगर में निवासियों ने सीएमओ से शिकायत की थी कि कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं आ रहा है, जिससे गंदगी पैर पसार रही है। इस पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन चालक को हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि कचरा कलेक्शन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एजेंसी के प्रतिनिधि को भी सख्त हिदायत दी गई कि सभी वाहन दुरुस्त रहें और हर घर से कचरा उठना सुनिश्चित हो।

#### सफाई अमले और दरोगाओं को चेतावनी

प्रभारी सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि स्वच्छता अमले का मुख्य कार्य शहर को साफ रखना है और प्रशासन उनकी हर जायज मांग पूरी करता है। उन्होंने सफाई दरोगाओं और मेट को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सफाई व्यवस्था में व्यवधान मिला, तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### वार्डों में निर्माण कार्य होंगे

वार्ड 19 के कुशमौदा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पार्षद अजब बाई लोधा ने निर्माण कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। सीएमओ ने मौके पर ही उपयंत्री रामवीर शर्मा को एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अमित आर्य, राजेश सिलवट और सिद्धिविनायक टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शुक्रवार को सारंगपुर में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कथित 'मोदी-एपस्टाइन कनेक्शन' को लेकर पर्चे उड़ाए और नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के एक कथित ईमेल में अमेरिकी वित्तीय अपराधी जैफरी ऐप्सटेन ने यह दावा किया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा को लेकर सलाह दी थी। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि ऐसा कोई संदर्भ सामने आया है तो इसकी सच्चाई स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि जनता के मन में किसी प्रकार का संशय न रहे। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से इन दावों को पहले ही निराधार और बकवास बताया जा चुका है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता आवश्यक है और किसी भी प्रकार की शंका को दूर करने के लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण या जांच जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मार्च के अवकाश दिवसों में भी होंगी रजिस्ट्रियां

**राजगढ़।** राजस्व की दृष्टि से मार्च का महीना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में जिले सहित प्रदेश के आमजनों के दस्तावेजों के पंजीयन/रजिस्ट्री कार्य में अधिक सुविधा देने आगामी मार्च माह में अवकाश के दिनों भी जिला पंजीयक एवं उप-पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार शासन के राजस्व के दृष्टिगत मार्च महीने में होली के अवकाश को छोड़कर शेष समस्त अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में समस्त जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

#### भारत-ओमान में था मैच

## सोहेल मंसूरी ने दुबई में जीता सेस्टोबॉल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बहुदा प्रतिभाएं छोटे अंचलों से ज्यादा सामने निकलकर आती हैं। इस उक्ति को जिले के छोटे से गांव झाड़मऊ निवासी सोहेल पिता मुमताज मंसूरी ने एक बार फिर से चरितार्थ करके दिखाया है। सोहेल ने गत दिवस दुबई में खेली गई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जीत का खिताब अपने नाम किया है।

जानकारी के अनुसार दुबई में 12 से 17 फरवरी के मध्य आयोजित हुई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में सोहेल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भारत एवं ओमान के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सोहेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करते हुए पूरे देश का मान बढ़ाया। सोहेल की इस उपलब्धि की खबर झाड़मऊ में पहुंचने पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने ढोल-ढमाकों और मिठाई बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया।

## 11 क्विंटल फूलों से मंदिर और 51 किलो से सजे खाटू श्याम

### रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव की रही धूम, भक्तों ने उड़ाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर करीब 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। रंगभरी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम को रंग गुलाल लगाया। श्रद्धालुओं को भी गुलाल लगाकर उत्सव मनाया गया। भक्ति संगीत और भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमते और नाचते नजर आए। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को दिल्ली और इंदौर से मंगवाए गए करीब 11 क्विंटल ताजे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। इसके साथ ही इंदौर से लाई गई आकर्षक आर्टिफिशियल फुलवारी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और भव्य सजावट से मंदिर परिसर को आकर्षक रूप दिया गया था। श्रद्धालु बाबा श्याम के सुसज्जित दरबार और दिव्य श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम चलता रहा। दोपहर आरती के समय मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे।

#### निशान यात्राएं निकाली गईं

इस अवसर पर शहर के कई गांवों और मोहल्लों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

#### पुलिस बल तैनात रहा संभाली यातायात व्यवस्था

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।पूरे दिन चला यह आयोजन भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा और नगर के लिए यादगार बन गया। रंगभरी एकादशी, जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब उमड़ा।

#### पुताई कार्य हो रहा था

## निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग से गिरा मजदूर, रेफर



**राजगढ़।** मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल के नवीन भवन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। शुक्रवार शाम को भवन की पुताई का काम कर रहा रायसेन जिला निवासी एक मजदूर बिल्डिंग से सीधे नीचे आ गिरा। साथी कर्मियों द्वारा घायल मजदूर को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।

आपको बता दें की पीआईयू विभाग द्वारा स्थानीय संकट मोचन बडली क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल भवन का कार्य निर्धारित एजेंसी द्वारा करवाया जा रहा है। भवन का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है एवं पुताई इत्यादि का कार्य चल रहा है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उक्त भवन में पुताई कर रहा मजदूर राजू पिता गजराज उम्र 36 वर्ष निवासी ईंटखेड़ी, जिला रायसेन भवन की पहली मंजिल से सीधा जमीन पर आ गिरा जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद साथी मजदूरों द्वारा घायल राजू को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्तिथि देख घायल मजदूर को रेफर कर दिया। भवन पुताई का कार्य पेटी कंट्रेट पर लेने वाले ठेकेदार ने बताया की मुख्य कंपनी ने सभी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवा रखे हैं पर लेबर लापरवाही करते हुए उनका इस्तेमाल नहीं कर रही।

## अस्वस्थ रिटायर्ड कर्मी के घर पहुंचे सीईओ, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अमूमन ऐसा कम ही देखने मिलता है जब कोई आईएएस रैंक का अधिकारी अपने विभाग में पदस्थ लिपिक जैसे कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर उसके घर विदाई देने पहुंचे। जिला पंचायत में लिपिक के रूप में पदस्थ एक बीमार कर्मचारी के रिटायर्ड होने पर जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने स्वयं उनके निवास पर पहुंचकर विदाई दी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में अनेकों वर्षों तक लिपिक के रूप में सेवाएं देने वाले जगदीश चौहान शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। चूंकि, चौहान अर्से से बीमार थे और दफ्तर आने में अक्षम थे, ऐसे में जिला पंचायत सीईओ गढ़पाले उनके गृह निवास पहुंचे और सांफा बांध, शॉल श्रीफल भेंट करते हुए विदाई एवं शुभकामनाएं दीं।

#### सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के दिए निर्देश

इस दौरान सीईओ गढ़पाले ने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को रिटायर्ड कर्मचारी चैहान की भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेज्युटी सहित अन्य सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। सीईओ ने चैहान के दीर्घकालिक एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। इस दौरान विभाग में पदस्थ जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय, राधेश्याम मालवीय, लईक अंसारी, मानसिंह तोमर, धर्मेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा सहित चैहान के परिजन हरिसिंह सौलंकी, देवेंद्र कुमारी सौलंकी, अरुणा सौलंकी, भावना सौलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रतिवर्षानुसार पंडित नागर के सानिध्य में भक्त पहुंचे कामखेड़ा



**ब्यावरा।** गौ शरण भक्त मण्डल द्वारा भागवताचार्य पंडित सतीश नागर के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार ब्यावरा से प्रसिद्ध कामखेड़ा बालाजी धाम तक 13 वीं पद यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो एवं क्षेत्र ओर जनमानस का जीवन खुशहाल हो। यात्रा शनिवार को कामखेड़ा धाम पहुचेगी,जहां महाआरती एवम भंडारा प्रसादी होगी,,यात्रा में संत नीलेश महाराज पूर्व विधायक पुरषोतम दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रसिंह सौंधिया,, भाजापा के दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर,अमित शर्मा, लखन यादव रामगोपाल मीना, विहिप के अशोक गुप्ता ,हर्ष तोमर,मांगीलाल गहलोत,देवीसिंह लववंशी, गिरराज लववंशी, गोवर्धन दांगी,रामेश्वर दांगी,पीड़ी, अनिल प्रजापति, शिव पालडी जनपद,मुकेश कुशवाहा, दिनेश यादव ,ज्ञान सिंह ,जगदीश लववंशी, ललित, राधेश्याम मंडी,पंडा जी,राधेश्याम अतरालीया,,अशोक यादव,,पप्पू दास,एवम सेकड़ो भक्त समिलित हुए।

## रंगभरी एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब श्याम भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



**खूजनेर।** खाटू धाम में रंगभरी एकादशी पर लगा खाटू श्याम का लक्खी मेला मंदिर समिति द्वारा नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर पहुंची मंदिर प्रागंण में 1100 किलो खीर का प्रसाद वितरण किया गया कई श्याम प्रेमियों ने बाबा के भंडारे आयोजित किए रात्रि में श्री श्याम मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ श्री श्याम को 56 भोग लगाया आकर्षक दिव्य दरबार सजाया गया दिन भर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा गूंजे श्री श्याम के जयकारे भजन संध्या में श्री श्याम के संघ प्रेमियों ने खूब खेली फूलों की होली श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु बाबा के पवित्र ज्योत लेकर श्याम भक्तों ने खुशहाली की कामना की नगर में ट्राफिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए टी

## 7 साल की बालिका फतिमा मंसूरी ने रखा पहला रोजा



**खिलचीपुर।** नगर के ताहिर पटेल मंसूरी की 7 वर्षी पुत्री फातिमा मंसूरी ने माहे रमजान में अपना पहला रोजा मुकम्मल कर आस्था और अनुशासन की अनूठी मिसाल पेश की। छोटी सी उम्र में दिन भर भूख प्यास सहते हुए रोजा रखने पर परिवार सहित मोहल्लेवासी और नगर वासियों ने भी उसकी सराहना की साथ ही उसकी बड़ी बहन हूंमेरा मंसूरी ने भी उसी के साथ सेहरी की ओर पूरे उत्साह के साथ दिनभर साथ में रोज रखा और शाम को इफ्तार के साथ रोज पूरा किया रोजा पूरा होने पर घर में खुशी का माहौल रहा परिजनों ने फूलों की माला पहनकर नन्हे , रोजेदारों का स्वागत किया। फातिमा हूंमैंर ने बताया कि उन्होंने बड़ों से सुना है कि रोजेदार की दुआ कबूल होती है इसी भावना से उन्होंने रोजा रखा और इफ्तार के बाद नगर खिलचीपुर और हमारे देश भारत की तरक्की अमन एवं खुशहाली के लिए दुआ की।

#### हितग्राही ने नप कार्यालय में अधिकारी से की निष्पक्ष जांच की मांग

# स्वामित्व प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर युवक से ठगे 25 हजार, थमा दिया फर्जी प्रमाण पत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



खिलचीपुर में नगर पालिका के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 25 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में नगर परिषद खिलचीपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 04 कालाजी बल्ड़ी निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि रामप्रसाद (चायवाला) एवं राजु वर्मा (पार्षद प्रतिनिधि) ने नगर पालिका के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर उससे 25,000 रुपये लिए, बाद में जब वह दस्तावेजों की पुष्टि के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंचा, तो जांच में वे दस्तावेज फर्जी पाए गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मामले की जानकारी ठगों को लगने पर ठगों द्वारा उसे डराया-धमकाया गया ओर नगर पालिका जाने को लेकर सवाल उठाए गए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

#### क्या है मामला?

जितेंद्र विश्वकर्मा निवासी कालाजी बलडी वार्ड क्रमांक - 04 ने बताया मकान पर लोन करवाने के लिये मुझे स्वामित्व प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, में ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं ओर न ही ज्यादा जानता हूं मुझे रामप्रसाद चाय वाला एवं राजू वर्मा पार्षद प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र बनवाने की बात पर रुपया 25 हजार लेकर एक-दो दिन में प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही। मैंने रुपया दे दिया लगभग एक महीने बीत जाने पर मुझे प्रमाण पत्र इन्होंने बनवा कर दिया, जिसे लेकर में रजिस्टार ऑफिस गया तो उन्होंने इस प्रमाण पत्र को फर्जी बताया, तब में नगर पंचायत कार्यालय इसकी पुष्टि के लिए आया तो नगर परिषद कर्मचारी ने इसे फर्जी बताया।



प्रमाण पत्र पर वर्ष 2021 में पदस्थ सीएमओ के सिग्नेचर निकले वही नगर परिषद में इसकी जानकारी नहीं मिली। मैंने अपनी ठगी का शिकायती आवेदन सीएमओ साहब को ठगो के खिलाफ कार्यवाही करने को दिया।

#### नहीं दी राशि...

मुझे इस मामले में जानकारी नहीं है। मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। मैंने संबंधित से कोई राशि नहीं दी है।

**राजू वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि**

#### थाने भिजवा दिया...

हां शिकायतकर्ता का आवेदन आया है, हमने जांच कर प्रतिवेदन बनाकर थाने भिजवा दिया है।

**देवनारायण दांगी, सीएमओ खिलचीपुर**

### अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च को

**अशोकनगर।** चंदेरी के रामबाग क्रिकेट एसोसिएशन चंदेरी के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला 1 मार्च को सुबह 10 बजे से रामबाग स्टेडियम प्राणपुर, चंदेरी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 1,55,555 रुपये मलकीत सिंह संधू अशोकनगर द्वारा द्वितीय पुरस्कार 77,777 जेनिश जैन रोकड़िया चंदेरी द्वारा, एवं मेन ऑफ द सीरीज इलेक्ट्रिक स्कूटी विजय यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट के अंतिम चरण में प्रदेश एवं अन्य राज्यों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की टीमों के मिश्रण के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में औषधि पिलाई



**जावर।** सुवर्ण प्रशान शिशु संस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को पुष्प नक्षत्र में भैया बहनों को सुवर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई। यह औषधि भैया बहन को पुष्प नक्षत्र में पिलाई जाती है। सुवर्ण प्राशन से बालक की बुद्धि अग्नि बाल व आयु बढ़ती है। यह कल्याण कारक पुण्य कारक वृष्य है। इससे बालक की स्मरण शक्ति बढ़ती है और बालक का सर्वांगीण विकास होता है। भैया बहनों में किसी प्रकार की बीमारी हो तो वह भी धीरे-धीरे खत्म होती है। यह औषधि विद्यालय में कक्षा अरुण से अष्टमी तक के भैया बहन को पिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी व विद्यालय परिवार के सभी आचार्य उपस्थिति रहे।

### बुद्धि और विवेक का सदुपयोग : मुनिश्री

**आष्टा।** नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, अरिहंतपुरम अलीपुर में विराजमान पवात्सल्य रत्नाकर, भारत गौरव, विद्या वाचस्पति श्रमण मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि मनुष्य को दुर्लभता से बुद्धि और विवेक प्राप्त हुआ है। इसका उपयोग सद्कार्यों में होना चाहिए,न कि दुरुपयोग में। ज्ञानी व्यक्ति अपनी बुद्धि को सुविचारों और श्रेष्ठ कर्मों में लगाकर जीवन को सार्थक बनाता है, जबकि अज्ञानी व्यक्ति पाप और राग-द्वेष में उलझकर आत्मकल्याण से दूर होकर संसार के मकड़जाल में उलझ जाता है। मुनिश्री ने कहा कि यह शरीर केवल साधन है। इसी शरीर के माध्यम से व्यक्ति अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कर्म करता है। देह को अपना मानकर मनुष्य पांच इंद्रियों के भोगों में उलझा रहता है और पाप का आश्रव करता है। आश्रव का संपर्क आत्मा से होता है, जबकि आत्मा में अनंत शक्ति विद्यमान है। आत्मा का स्वभाव ऊर्ध्वगमन है,अर्थात देह त्यागने के बाद वह ऊपर की ओर गमन करती है, किंतु कर्मबंधन के कारण जीव को पुनः उसी गति में आना पड़ता है, जिसका बंध उसने किया है। उन्होंने कहा कि संसारी व्यक्ति लंगड़े के समान है,जो सहारे से चलता है। आत्मा भी अपने किए हुए कर्मों के अनुसार विभिन्न पर्यायों में भ्रमण करती है।

## रामपुरा डैम से आष्टा नगर तक डलने वाली पाइप लाइन का काम शुरू

# पाइप लाइन डलने से सीधे घर-घर पहुंचेगा रामपुरा डैम का पानी: राय सिंह मेवाड़ा

कार्ययोजना के पूर्ण होने पर हमारे नगरवासियों को जलसंकट की स्थिति का सामना कभी नही करना पड़ेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

चुनाव के समय हमने नगर की जनता से जो वादे किए थे, उन सभी को परिषद के सहयोग से एक-एक करके पूर्ण करने की ओर है, जिसका उदाहरण रामपुरा जलाशय से आष्टा नगर तक डलने वाली पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ है। नगर के बहुचर्चित विकास कार्य रामपुरा डेम से पाइप लाइन के माध्यम से सीधे आष्टा नगरवासियों के लिए पेयजल लाना यह अपने आपमें चुनौती थी। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के अथक प्रयास एवं परिषद के संपूर्ण सहयोग से आज उस चुनौती पर विजय प्राप्त हुई है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में रामपुरा डेम से आष्टा नगर के लिए डलने वाली पाइप लाइन कार्य के शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्ययोजना लगभग 48 करोड़ की लागत से पूर्ण होगी। अमृत 2.0 योजना के तहत रामपुरा डेम पर भव्य इंटेकवेल का निर्माण हुआ, तदुपरांत रामपुरा डेम से आष्टा नगर तक पाइप लाइन डलने का कार्य ग्रामीण क्षैत्रों से पूर्ण हुआ। उक्त योजना के तहत आष्टा नगर में डलने वाली पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ संपन्न हुआ है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि लंबे अर्से से नगरवासीगण इस योजना के पूर्ण होने का इंतजार कर रहे थे जो शीघ्र ही पूर्ण होगा। परिषद का प्रयास है कि आगामी वर्ष में इसी पाइप लाइन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल नगरवासियों के घरों तक नलों के माध्यम से पहुंचेगा।



### जलसंकट से मिलेगी मुक्ति

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में कभी-कभी नगर में जलसंकट जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, किंतु अब इस कार्ययोजना के पूर्ण होने पर हमारे नगरवासियों को जलसंकट की स्थिति का सामना कभी नही करना पड़ेगा। पाइप लाइन के शुभारंभ अवसर पर उपस्थितजनों ने पूर्व सुशीलचंद्र वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों की हमेशा से ही दूरदृष्टि सोच रही है। पूर्व सांसद सुशीलचंद्र वर्मा की भी दूरदृष्टि सोच थी उन्होंने ही हम सहित हमारी पीढ़ियों के भले के लिए रामपुरा डेम जैसा विशाल जलस्त्रोत का निर्माण कराया। आज हम सभी नगरवासीगण उनके ऋणी है। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, नगीनचंद्र जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश बड़जात्या, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, लखन पाटीदार, भाजपा नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मनोहर भोजवानी, प्रदीप धाड़ीवाल, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, सुरेश परमार, नगर पुरोहित मनीष पाठक, डॉ. दीपेश पाठक, पूर्व पार्षद गिरजा कुशवाह, माखन कुशवाह, कैलाश पांचम, मनोहरलाल श्रीवास्तव, मनोहर वर्मा सहित बडी संख्या में नगर के नागरिकगण और नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

# विधायक ने विस में उठाया बंद सेल फैक्टरी का मुद्दा

**मुख्यमंत्री से की शुरू करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



लम्बे समय से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मेहतवाड़ा ग्राम में इंदौर भोपाल हाईवे पर स्तिथ सेल मैन्युफैक्चरिंग प्रा.लि फैक्टरी के बन्द होने से क्षेत्र के सैकड़ो युवा,महिलाएं आज बेरोजगार हो गये है एवं रोजगार की तलाश में परेशान है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शून्यकाल में विधानसभा में बन्द हुई सेल फैक्टरी का दमदारी से मुद्दा उठाया। शून्यकाल में जब विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर ने शून्यकाल की सूचना पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अपनी बात रखने का अवसर दिया। मिले अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अवगत कराया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मेहतवाड़ा में स्तिथ उक्त सेल फैक्टरी बन्द हुई तब से इस फैक्टरी में कार्यरत हजारों युवा,महिलाए बेरोजगार हो गये है,जो कर्मचारी इस फैक्टरी में कार्यरत थे उनेह मैनेजमेंट द्वारा वेतन का भुगतान भी नही किया गया । जब भी मजदूर वेतन के लिये जाते है, मैनेजमेंट से संपर्क करते है तब उनेह चलता कर दिया जाता है मेहनत की मजदूरी न मिलने से गरीब मजदूर परेशान है। उक्त फैक्टरी के बन्द होने से जावर-मेहतवाड़ा क्षेत्र के व्यापार व्यवसाय पर भी बुरा असर पड़ा है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अध्यक्ष जी के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उक्त विषय को संज्ञान में लेने की मांग करते हुए मांग की की या तो उक्त सेल फैक्टरी को पुनः शुरू कराया जाये या उक्त फैक्टरी को किसी अन्य औद्योगिक ईकाई को या संस्थान को दे कर पुनः फैक्टरी को शुरू कराने की मांग की ताकि क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार के पुनः अवसर मिल सके,क्षेत्र का व्यापार व्यवसाय को गति मिल सके। विधायक ने यह भी जानकारी दी कि बन्द पड़ी फैक्टरीमें चोरी की वारदातो में वृद्धि हो गई है, जो नागरिको के लिये चिंता का कारण बन गया है।

### गोसेवकों ने नंदी राजा का तृतीय जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया



**कोठरी।** क्षेत्र के गवाखेड़ा जोड़ कोठरी में 25 फरवरी को नंदी राजा का तृतीय जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। तीन वर्ष पूर्ण होने पर गोभक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नंदी राजा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नगर परिषद कोठरी से जुड़े प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आयोजन में राधेश्याम दलपति नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि, कुमेर पटेल गवाखेड़ा, गवाखेड़ा जोड़ पर कुसमरिया गोशाला से कृष्णा दीदी, नंदू मालाकार, चंद्र सिंह , चैन सिंह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गोभक्तों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम के दौरान नंदी राजा का विशेष श्रृंगार किया, पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई तथा प्रसाद वितरण किया। गोभक्तों ने गौसेवा एवं धर्म-संस्कृति के संरक्षण का संकल्प भी लिया।आयोजकों ने बताया कि नंदी राजा के जन्मोत्सव को हर वर्ष इसी प्रकार श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# त्योहार को शांति सदभाव से मनाने थाने में शांति समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



आगामी होली, रमजान, ईद आदि पर्व को लेकर शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। अध्यक्षता अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दामोदर गुप्ता ने की। इसमें पर्वो के आयोजन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विशेष रूप से आवागन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ट नागरिकों द्वारा जन समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया ताकि समय रहते व्यवस्था हो सके होली का पर्व परंपरागत रूप से पांच दिनों तक मनाया जाता है। यह रंगों, प्रेम, उत्साह और भाईचारे का त्योहार है। हम सभी को इस पर्व को आपसी सद्भाव, शांति और सामाजिक समरसता के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए बैठक में प्रमुख रूप से अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दामोदर गुप्ता, जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा एवं थाना प्रभारी संतोष विश्वकर्मा, पत्रकार गण,नगर परिषद कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ट नागरिक मौजद रहे।

### वृद्धजनों को कांग्रेस ने वितरण किया अल्पहार

**सीहोर।** शनिवार को इंदौर भोपाल मार्ग पर स्थित सैकड़ाखेड़ी मार्ग के पास वृद्धा आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा वृद्धजनों को अल्पहार वितरण किया गया। दिग्विजय ग्राम सेवा समिति के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की विशेष उपस्थिति में दिग्विजय ग्राम सेवा समिति अध्यक्ष कमलेश चाड़क के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। चरणस्पर्श कर वृद्धजनों का आशिर्वाद लेकर कांग्रेस नेता कमलेश चाड़क ने वृद्धजनों को फल बिस्किुट मिठाई सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धातों पर चलकर दिग्विजय ग्राम सेवा समिति सेवाकार्य करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित करती है। अल्पहार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका में प्रतिपक्ष विवेक राठौर,ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव, रमेश गुप्ता,प्रीतम दयाल चौरसिया, अशरफ अली, भगत सिंह तोमर, आसिफ अंसारी, अजय रैकवार, ओम सोनी, मेहंदी हसन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चौपाल महोत्सव: किसान संगोष्ठी में किसानों को अश्वगंधा सहित ऑर्गेनिक खेती की जानकारी दी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इंदौर-भोपाल मार्ग पर स्थित चौपाल सागर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को हुई थी। आयोजित हो रहे चौपाल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को किसान गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी शर्मा मैडम, आईटीसी रिटेल हेड शतांशु कुमार, एरिया मेनेजर अनुराग वोहरा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. नागेंद्र मिश्रा, इंचार्ज राजीव बिसेन, प्रभारी राजमोहन पंथी, इमरान खान उपाधित रहे। डीएसपी शर्मा ने महिलाओं को आत्मरक्षा की जानकारी दी।

आयोजित हुई किसान संगोष्ठी के दौरान डॉ नागेंद्र मिश्रा ने किसानों को अश्वगंधा सहित अन्य ऑर्गेनिक खेती की जानकारी दी। इस अवसर पर महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में सत्य साई कॉलेज सहित विभिन्न कंपनियों भाग ले रही है। कार्यक्रम का समापन रविवार को किया जाएगा। इस दौरान रजनीश वर्मा, विजय भावसार, संकेत दुबे, जयप्रकाश जावड़ेकर, राजेश सोनी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन आष्टा के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश मालवीय काजीखेड़ी का पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार मित्र मण्डल द्वारा पुष्पहार एवं शाल पहनाकर भव्य स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने कहा कि सामाजिक संगठनों की गतिशीलता वर्तमान समय की जरूरत है, सामाजिक संगठनो के गतिशील रहने से हमारा नगर अंचल प्रगति करेगा। स्वागत के अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश मालवीय ने कहा कि इस सभी सामजिक बन्धुओं का आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं की मालवीय बलाई समाज ने मुझ पर विश्वास करके इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उसे मैं पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन कर सामाजिक हित में कार्य करूंगा। इस अवसर पर सकल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पार्षद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, युवा व्यवसाई शुभम शर्मा, युवा समाजसेवी अर्जुन सिंह अजय एवं राजेश हरसोदिया के साथ अभिभाषकगण सुरेन्द्र सिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार, पल्लव प्रगति उपस्थित रहे।

## रमजान माह में 10 दिन की तरावीह में मुकम्मल हुआ कुरान-ए-पाक

# हाफिज इदरीश को नजराने में मिली मोटरसाइकिल






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोराहा/अहमदपुर

पवित्र माह रमजान के अवसर पर क्षेत्र में इबादत और तिलावत का सिलसिला पूरे जोरों पर है। इसी कड़ी में स्थानीय मना भाई कबाड़ी के गोदाम में आयोजित 10 दिवसीय विशेष तरावीह की संपन्न हुई, जिसमें कुरान-ए-पाक मुकम्मल किया गया। इस आध्यात्मिक उपलब्धि पर समुदाय द्वारा कुरान सुनाने वाले हाफिज इदरीश का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। अकीदतमंदों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाईं और सम्मान स्वरूप (नजराने के तौर पर) एक मोटरसाइकिल भेंट की।

### इबादत में जुटे समाजजन

रमजान के इस पाक महीने में जहां पुरुष मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज़ अदा कर रहे हैं, वहीं महिलाएं भी घरों में रोजा रखकर नमाज़ और कुरान की तिलावत में पूरी शिद्दत से जुटी हुई हैं। कार्यक्रम के समापन पर जामा मस्जिद के इमाम हाफिज अरशद अमीन ने जकात की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इस्लाम में जकात देना फर्ज है, जिससे माल में बरकत और हिफाजत होती है।

### देश की खुशहाली की दुआ मांगी

इस अवसर पर देश में अमन-चैन, खुशहाली और अच्छी बारिश के लिए विशेष दुआ कराई गई। इमाम साहब ने बताया कि रमजान को तीन हिस्सों (अशरों) में बांटा गया है: पहला रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम से आजादी। पहला अशरा समाप्त होने के बाद अब दूसरा अशरा शुरू हो चुका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने शिरकत की। रमजान के माह में लगातार तराहवी का सिलसिला जारी है।

# वैज्ञानिक चेतना का विकास हर नागरिक का संवैधानिक दायित्व: भीमसेन मालवीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की, संचालन भीमसेन मालवीय ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि जीवन दृष्टि है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच व्यक्ति को तार्किक, जिज्ञासु और प्रगतिशील बनाती है। मुख्य वक्ता भीमसेन मालवीय ने वैज्ञानिक अधिकार एवं नवाचार विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मानव सभ्यता के विकास का ऐतिहासिक क्रम पहिए की खोज से प्रारंभ करते हुए आधुनिक विज्ञान और तकनीक के युग तक स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चेतना और नवाचार केवल प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी तो अंधविश्वास और कुरीतियाँ स्वतः समाप्त होंगी। अपने प्रेरक व्याख्यान के समापन पर उन्होंने शिक्षा और शिक्षक की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस पर हर आडंबर जल मरे वो चूल्हा बनती है, शिक्षक खाली दिमाग को खुला बनाती है। भीमसेन मालवीय के उद्बोधन के पश्चात महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा शीतल ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने वर्तमान समय में विज्ञान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान ने शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। कार्यक्रम में राकेश कुमार सोलंकी, डॉ. विजय कुमार यादव एवं डॉ. शर्मिला गांगले की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।